# माँ ज्वाला से आई माँ की ज्योत भजन लिरिक्स

माँ ज्वाला से आई माँ की ज्योत,
ज्योत बड़ी प्यारी लगे,
प्यारी लगे जग से न्यारी लगे,
सुंदर लगे बड़ी प्यारी लगे,
भक्त लाए मैया की ज्योत,
ज्योत बड़ी प्यारी लगे।bd।

---

ज्योति का प्रकाश निराला,
जग को रोशन करने वाला,
अंधकार मिटाए मां की ज्योत,
ज्योत कल्याणी लगे।bd।

---

पानी में है जलती ज्वाला,
मां का है चमत्कार निराला,
बिना तेल बाती जले मां की ज्योत,
ज्योत नूरानी लगे।bd।

---

अकबर भी अभिमानी आया,
ज्योत बुझाने छतर भी लाया,
छत्र फाड़ के निकली मां की जोत,
ज्योत बड़ी शान से जगे।bd।

---

‘श्याम’ जो मां के दर पर आए,
अपनी भावना जो मन में लाए,
सब की सुनती है मां की जोत,
ज्योत वरदानी लगे।bd।

---

माँ ज्वाला से आई माँ की ज्योत,
ज्योत बड़ी प्यारी लगे,
प्यारी लगे जग से न्यारी लगे,
सुंदर लगे बड़ी प्यारी लगे,
भक्त लाए मैया की ज्योत,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

स्वर एवं भाव – घनश्याम मिढ़ा।
भिवानी (हरियाणा)
सम्पर्क – 9034121523

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com